# मनरेगा में बदलाव से ग्राम पंचायत की शक्तियां ठेकेदारों को देने का विरोध

**बीकानेर,** (कासं)। भाजपा-आरएसएस द्वारा मनरेगा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना को कमजोर करने, महात्मा गांधी के नाम को हटाने तथा रोजगार के कानूनी अधिकार को समाप्त करने की साजिश के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर संपूर्ण भारत वर्ष में मनरेगा बचाओ संग्राम जन आंदोलन की शुरूआत 10 जनवरी से प्रेसवार्ता कर की।




मनरेगा बचाओ संग्राम जन आंदोलन को लेकर पत्रकार वार्ता को अनूपगढ़ विधायक एवं जिला प्रभारी शिमला नायक ने संबोधित किया।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी बीकानेर देहात व शहर द्वारा विरोध स्वरूप संयुक्त एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम 11 जनवरी को दोपहर 12 बजे से 03 बजे तक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थल गांधी पार्क पर आयोजित किया जायेगा। बीकानेर देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग और शहर अध्यक्ष मदनगोपाल मेघवाल के नेतृत्व में होने वाले इस उपवास कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ नेतागण, जिले में निवास करने वाले प्रदेश पदाधिकारी, जिला कांग्रेस पदाधिकारी ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, इंटक, एनएसयूआई, मंडल के सभी अध्यक्ष मय कार्यकारिणी, लोकसभा प्रत्याशी, विधायक/विधायक प्रत्याशी, अग्रिम प्रकोष्ठों, विभागों के अध्यक्ष मय कार्यकारिणी, पार्षद/पार्षद प्रत्याशी, पंच, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य और कांग्रेस विचारधारा से जुड़े सभी संगठनों और पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपवास कार्यक्रम में सम्मलित होंगे।

प्रेसवार्ता में अनूपगढ़ विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी जिला प्रभारी शिमला नायक ने कहा कि ग्राम पंचायत की शक्तियां ठेकेदारों को सौंपी जा रही हैं। पहले मनरेगा के तहत ग्राम पंचायतों को अपने गांव के विकास के लए विभिन्न कार्यों में मज़दूरों को नियोजित करने का अधिकार था। विकास कार्यों की योजना और सिफारिश ग्राम पंचायतों और ग्राम सभाओं द्वारा की जाती थी। ठेकेदारों पर प्रतिबंध था।

जिला कांग्रेस कमेटी देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने कहा कि अब मोदी सरकार के इन बदलावों के तहत मज़दूरी मनमाने ढंग से तय की जाएगी, न तो न्यूनतम मज़दूरी की कोई गारंटी होगी और न ही हर साल बढ़ोतरी का कोई गारंटी।

जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष मदनगोपाल मेघवाल ने कहा कि मनरेगा के तहत देश भर के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को काम की कानूनी गारंटी प्राप्त थी। अब मोदी सरकार के इन बदलावों के बाद काम अब अधिकार नहीं रहेगा, बल्कि सरकार की मर्जी से बांटी जाने वाली रेवड़ी बन जायेगा। मोदी सरकार चुनेगी की कौनसी ग्राम पंचायतों को काम मिलेगा और किसे नहीं।

■ **कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम जनांदोलन सामूहिक उपवास आज**

प्रेसवार्ता में पूर्व मंत्री भंवरसिंह भाटी, जिला प्रमुख मोडाराम मेघवाल, पूर्व विधायक मंगलाराम गोदारा, पूर्व मंत्री विरेन्द्र बेनिवाल, विधानसभा प्रत्याशी यशपाल गहलोत, देहात महिला कांग्रेस अध्यक्ष शान्ति बेनिवाल, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष शशिकला राठौड़, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष भंवरलाल कूंकणा, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण गोदारा, सेवादल अध्यक्ष रामनिवास गोदारा, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग सत्तू खां, अध्यक्ष एससी विभाग मेवाराम मेघवाल, जिलाध्यक्ष कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ डालूराम सारण, सीए प्रकोष्ठ श्यामसुन्दर मूंधड़ा मौजूद थे।

## पीबीएम जनाना अस्पताल में मदर मिल्क बैंक शुरू

**बीकानेर,** (कासं)। पीबीएम जनाना अस्पताल में संपूर्ण स्तनपान केन्द्र शुरू हो गया है, जिसे मदर मिल्क बैंक के नाम से भी जाना जाता है। इसमें मां का दूध तीन महीने तक सुरक्षित रखा जा सकेगा।

जनाना अस्पताल के पुराने एएनसी कक्ष में संपूर्ण स्तनपान केन्द्र खोला गया है, जिसे वात्सल्य नाम दिया गया है। ऐसी माताएं जिनका दूध ज्यादा आता है, वे जरूरी मेडिकल जांच के बाद वात्सल्य में जाकर अपना दूध दान कर सकेंगी। माताओं का दूध निकालने के लिए मशीनें लगाई गई हैं। उनका दूध फ्रीजर में सुरक्षित रखा जायेगा।

जनाना और बच्चा अस्पताल की नर्सरी में ऐसे काफी बच्चे भर्ती होते हैं, जिन्हें मां का दूध नसीब नहीं हो पाता। आमतौर पर प्री-मेच्योर बच्चों के साथ यह समस्या रहती है। उन्हें जन्म देने वाली मां का दूध नहीं उतरता। ऐसे में मदर मिल्क बैंक उन शिशुओं के लिए नया जीवन देने वाला साबित होगा। प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों में मदर मिल्क बैंक खोलने की घोषणा सरकार ने विधानसभा में की थी।

वात्सल्य के नोडल अधिकारी पीडिया के प्रोफेसर डॉ. मदनगोपाल चौधरी ने बताया कि दूध दान करने के लिए ऐसी माताओं को प्रेरित किया जायेगा, जिनका दूध अधिक आता है।

## सार-समाचार

### साधकों ने योग का अभ्यास किया



ऊंट उत्सव के दूसरे दिन शनिवार को योग साधकों ने योग का अभ्यास किया।

**बीकानेर,** (कासं)। अंतर्राष्ट्रीय ऊंट उत्सव के दूसरे दिन शनिवार के कार्यक्रमों की शुरूआत 'करें योग, रहे निरोग' कार्यक्रम के साथ हुई। संसोलाव तालाब के पास स्थित पीपल पार्क में घने कोहरे और ठंड के बावजूद सैकड़ों योग साधकों ने योग क्रियाएं की तथा बीकानेर की संस्कृति, सभ्यता और यहां की परंपराओं को समृद्ध करने का संदेश दिया। जिला प्रशासन तथा पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहे तीन दिवसीय ऊंट उत्सव के दूसरे दिन पहली बार यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रवीर योगासन स्पोर्ट्स अकेडमी, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के योग विभाग, एलएम स्पोर्ट्स अकेडमी, एमएम ग्राउंड क्रिकेट अकादमी तथा कपिल क्रीड़ाश्रम के प्रतिनिधियों तथा शारीरिक शिक्षकों सहित स्थानीय योग साधकों ने भाग लिया। योग प्रशिक्षण भुवनेश पुरोहित के नेतृत्व में यशोवर्धिनी आचार्य, स्नेहा व्यास, सपना बेरवाल और प्रियंका रघुवंशी ने प्रोटोकॉल के अनुसार प्रशिक्षण दिया तथा योग से जुड़ी जानकारी दी। पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक महेश व्यास ने कहा कि नियमित योग और प्राणायाम के माध्यम से शरीर और मन स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार महोत्सव में कई नवाचार किए जा रहे हैं। सहायक पर्यटन अधिकारी नेहा शेखावत, जिला खेल अधिकारी सुरेन्द्र हर्ष, रामेन्द्र हर्ष, रामकुमार पुरोहित, शिवाजी छंगाणी, मदन मोहन छंगाणी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### दीवानी प्रार्थना पत्रों पर की चर्चा




न्यायिक अधिकारियों की एक दिवसीय सेमिनार को न्यायाधिपति सुदेश बंसल ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी के निर्देशन में पुलिस मोटर ड्राईविंग स्कूल के सभागार में शनिवार को बीकानेर, मेडता व डीडवाना न्यायक्षेत्र के न्यायिक अधिकारियों की एक दिवसीय सेमिनार आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति सुदेश बंसल ने की। सेमिनार में तीनों न्याय क्षेत्रों के न्यायिक अधिकारियों द्वारा नई आपराधिक विधियों सहित दीवानी मामलों में विभिन्न स्तरों पर प्रस्तुत होने वाले विविध दीवानी प्रार्थना पत्रों से संबंधित प्रावधानों पर चर्चा की गई। न्यायाधिपति बंसल ने न्यायिक कार्यवाहियों के दौरान प्रकरण में संबंधित विधिक प्रावधानों एवं नवीनतम न्यायिक निर्णयों को ध्यान में रखते हुए न्यायिक कार्यवाहियां निष्पादित करने का मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम की शुरूआत में जिला एवं सेशन न्यायाधीश अश्वनी विज ने न्यायाधिपति एवं सेमिनार में आये समस्त अधिकारियों का स्वागत किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आभार जताया।

### अभय कमाण्ड सेंटर का भ्रमण किया

**बीकानेर,** (कासं)। रामपुरिया जैन विधि महाविद्यालय की रासेयो की दोनों इकाईयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन की शुरूआत स्वयंसेवकों के द्वारा सरस्वती वन्दना से की गई। प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों के लिए शैक्षणिक सत्र का आयोजन किया गया। शैक्षणिक सत्र में स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास हेतु व्याख्यान रखा गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता मोटिवेशनल स्पीकर तथा राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. गौरव बिस्सा थे। डॉ. बिस्सा ने स्वयंसेवकों को कहा कि युवा शक्ति ही किसी राष्ट्र में परिवर्तन कर सकती है। डॉ. बिस्सा ने स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जिस तरह के कार्य स्वयंसेवक अपनी इच्छा शक्ति से कर रहे हैं। उसी तरह वे समाज में अपने आचरण तथा व्यवहार से एक प्रेरणा पैदा कर सकते हैं। डॉ. बिस्सा ने स्वयंसेवकों से आव्हान किया कि वे अपनी जीवनचर्या तथा दिनचर्या में कम से कम एक कार्य इस प्रकार का करें जिससे राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी हो सके। इसके लिए सर्वप्रथम स्वयंसेवक तथा विद्यार्थी का व्यक्तित्व प्रभाव डालता है। इसलिए एक विद्यार्थी को अपने व्यक्तित्व विकास के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। जिसके लिए विद्यार्थी को अपने पहनावे, अपनी उपस्थिति के दौरान भाव-भंगिमाओं तथा विशेष रूप से अपनी भाषा शैली का विशेष ध्यान रखते हुए अपने आपको समाज के सामने प्रस्तुत करना चाहिए। डॉ. बिस्सा ने कहा कि स्वयंसेवक के साथ विधि विद्यार्थी होने के नाते आगे चलकर विधिक परामर्शी अथवा विधिक क्षेत्र का पारंगत होने के नाते समाज के प्रबुद्ध वर्ग में अग्रणी रहकर समाज को एक नई दिशा देने का कार्य करना है। अतः प्रत्येक स्वयंसेवक को अपने व्यक्तित्व विकास के लिए कार्य करते हुए समाज में लोगों को प्रेरणा देने का कार्य करना है तथा राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना है।

# गंगनहर में 21 जनवरी से 24 फरवरी तक नहरबंदी, आपूर्ति बंद रहेगी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। पंजाब में फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण कार्य के लिए गंगनहर में 21 जनवरी से 24 फरवरी तक पानी की आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान किसानों को नहरी पानी की कमी न हो, इसके लिए बीकानेर कैनाल से वैकल्पिक व्यवस्था की जायेगी। शुक्रवार को जिला प्रशासन की ओर से बुलाई गई बैठक में किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने इस व्यवस्था पर पूर्ण सहमति जताई।

कलेक्ट्रेट सभागार में हुई इस बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने की। बैठक में पूर्व मंत्री सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी, सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़, श्रीगंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे। उन्होंने बताया कि गंगनहर क्षेत्र के किसानों की वर्षों पुरानी मांग थी कि फिरोजपुर फीडर को पक्का किया जाए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इसे गंभीरता से लेते हुए बजट प्रावधान कर पंजाब को 50 करोड़ का अग्रिम भुगतान किया, जिससे यह कार्य संभव हो सका।

■ **बीकानेर कैनाल से मिलेगा वैकल्पिक पानी, किसानों ने सहमति जताई**

जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सीएम की संवेदनशीलता से किसानों को पानी की कोई दिक्कत नहीं आयेगी। नहरबंदी को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता अमरजीत सिंह मेहरड़ा को विशेष रूप से भेजा गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बंदी अवधि में खखां हैड पर पुरानी बीकानेर कैनाल से करीब 1500 क्यूसेक पानी उपलब्ध रहेगा। बंदी से पहले हुसैनीवाला से पुरानी कैनाल में पानी का प्रवाह शुरू कर दिया जायेगा और निर्धारित शेयर के अनुसार सप्लाई सुनिश्चित की जायेगी। पूर्व केन्द्रीय मंत्री निहालचंद ने बैठक में सुझाव दिया कि पुनर्निर्माण कार्य के दौरान हुसैनीवाला हैड पर राजस्थान की ओर से निरंतर अधिकारी तैनात किया जाए। उन्होंने राज्य और केन्द्र सरकार की किसान हितैषी नीतियों की सराहना की, जिसमें किसान सम्मान निधि, खाद-बीज की समय पर उपलब्धता और नहरों-खालों का सुदृढ़ीकरण शामिल है।

नहरबंदी को अप्रैल में नहीं लेने का कारण बताते हुए मेहरड़ा ने कहा कि पंजाब, मार्च 2026 में इंदिरा गांधी नहर के अपने हिस्से के शेष कार्य करवायेगा। पहले नहरबंदी 5 जनवरी से प्रस्तावित थी, लेकिन राजस्थान की मांग पर इसे 15 और फिर 21 जनवरी तक टाला गया। बैठक में एडीएम सुभाष कुमार, सीईओ गिरधर, प्रदीप रूस्तगी, धीरज चावला, शरणपाल सिंह मान, पूर्व विधायक बलवीर लूथरा, महेंद्र सिंह बराड़, सोना देवी, हरविंदर सिंह गिल, संतवीर सिंह चहल, गुरबलपाल सिंह संधू, कालू थोरी, राकेश शर्मा, आत्माराम तरड़, सतपाल कासनिया, पृथ्वीपाल सिंह संधू, दशरथ सिंह शेखावत, विजय रेवाड़, श्योपत राम, अमर सिंह बिश्नोई, सतविंदर पाल सिंह, रविन्द्र तरखान समेत कई किसान नेता और अधिकारी उपस्थित थे। यह नहरबंदी फिरोजपुर फीडर के लंबित पुनर्निर्माण का हिस्सा है।

## जेल में कैदी की संदिग्ध मौत

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। सेंट्रल जेल में बंद एक कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। कैदी शाम को खाना खाकर सोया था और सुबह जेल में मृत मिला। कैदी का शव जेल में कंबल में लिपटा हुआ मिला, जिसके बाद जेल में हड़कम्प मच गया। मृतक कैदी एनडीपीएस के एक मामले में जेल में बंद था।

मृतक कैदी की पहचान इंद्रजीत सिंह (36) साधुवाली, श्रीगंगानगर के रूप में हुई है। घटना गुरूवार शाम की बताई जा रही है। जानकारी अनुसार कैदी गुरूवार शाम को खाना खाकर बैरक में सोया था। लेकिन सुबह हाजरी के दौरान वह कंबल में लिपटा मृत पाया गया। घटना से जेल प्रशासन में हड़कम्प मच गया। शव को सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। प्रारंभिक जांच में हार्ट अटैक से कैदी की मौत होने की आशंका जताई जा रही है। लेकिन पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पायेगा। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। कोतवाली थानाप्रभारी पृथ्वीपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच न्यायिक मजिस्ट्रेट करेंगे।

# तलवार से हमला करने वाले को जेल भेजा

**बीकानेर,** (कासं)। बिजली का अवैध कनेक्शन काटने गए बिजली कम्पनी बीकेईएसएल के अधिकारी पर तलवार से हमला करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कोर्ट में पेश किया। जहां से अदालत ने दोनों की ज़मानत याचिका खारिज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को 7 जनवरी को गिरफ्तार अगले दिन अदालत में पेश किया। एसीजेएम कोर्ट ने दोनों आरोपियों की जमानत याचिका ख़ारिज करते हुए आरोपी अकबर और सिकंदर को एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। पुलिस ने दोनों को आज अदालत में पेश किया। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को 22 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। कंपनी की ओर से एडवोकेट तेज करण सिंह ने जमानत याचिका खारिज करने व आरोपियों को पुलिस रिमांड पर भेजने की मांग की।

पुलिस थाना में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार बीकेईएसएल के अधिकारी लक्ष्मण चौधरी अपने सहायक अभियन्ता के साथ गैरसरिया और पठानों के मोहल्ले में अवैध हुकिंग हटाने गए थे। इस दौरान स्थानीय निवासी अकबर व उसकी भानजी शौकत के भी अवैध हुकिंग हटाए गए। बाद में अकबर ने लक्ष्मण को धमकाते हुए कहा कि तुम ऑफिस के बाहर आओ, हम तुम्हें जान से मार देंगे।

■ **बिजली का अवैध कनेक्शन काटने गए बीकेईएसएल के अधिकारी पर तलवार से हमला किया था**

अकबर पिछले एक महीने से लक्ष्मण को मारने की धमकी दे रहा था। शाम को अकबर ने अपने दो अन्य साथियों के साथ लक्ष्मण पर तलवार से हमला किया जिसमें लक्ष्मण गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक अपराधी शौकत को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया था। बाद में अकबर और सिकंदर को गिरफ्तार किया।

# हनीट्रैप के मामले में फरार युगल गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। हनी ट्रैप के एक मामले में करीब 8 माह से फरार चल रहे एक युगल को हनुमानगढ़ जंक्शन थाना इलाके के सुरेशिया मोहल्ला से गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार यह युगल गत वर्ष 29 अप्रैल को श्रीगंगानगर के पुरानी आबादी थाना में अपने खिलाफ हनी ट्रैप का मामला दर्ज होने का पता चलते ही फरार हो गया था। तब से उसकी तलाश की जा रही थी। मामले की जांच डीएसपी (अजा/जजा) विष्णु खत्री कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार केसरीसिंहपुर थाना क्षेत्र के गांव अरायण निवासी रमेश की ओर से दी गई रिपोर्ट के आधार पर पुरानी आबादी थाना में 29 अप्रैल 2025 को एक महिला और एक पुरूष के खिलाफ हनी ट्रैप के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार इस मामले में अब नीतू चौधरी निवासी मगलूना नेच्छवा जिला सीकर तथा उसके साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाले सुधीर निवासी शेरेकां थाना टिब्बी को गिरफ्तार किया गया है। ये दोनों गत कुछ समय से हनुमानगढ़ जंक्शन थाना क्षेत्र के सुरेशिया मोहल्ला में रह रहे थे। घटना के समय दोनों पुरानी आबादी में एक किराये के मकान में रह रहे थे।

■ **करीब 8 माह से फरार चल रहे एक युगल को हनुमानगढ़ जंक्शन थाना इलाके के सुरेशिया मोहल्ला से गिरफ्तार किया**

## 14 ग्राम एमडी सहित महिला गिरफ्तार

**बीकानेर,** (कासं)। व्यास कॉलोनी थाना पुलिस ने तिलक नगर में एमडी बेच रही महिला को गिरफ्तार किया है। उससे 14 ग्राम एमडी और 1.51 लाख रूपए बरामद किए गए हैं।

एसएचओ विक्रम तिवाड़ी ने बताया कि तिलक नगर में महिला की ओर से मादक पदार्थ एमडी की खरीद-फरोख्त किए जाने की इत्तला मिली थी। पुलिस की टीम तिलक नगर पहुंची तो निरमा बिश्नोई 80 फीट रोड पर एमडी बेच रही थी। मौके पर उससे 14 ग्राम एमडी और 1,51,700 रूपए बरामद किए हैं। यह राशि एमडी बेचकर हासिल की गई थी। एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर महिला को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच बीछवाल पुलिस थाने की एसआई मंजीत कौर को सौंपी गई है। आरोपी महिला को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

# वंदे भारत ट्रेन पर पत्थरबाजी का खुलासा, बालक निरूद्ध

**बीकानेर,** (कासं)। देश की सबसे तेज और आधुनिक ट्रेनों में शामिल वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थर फेंकने की सनसनीखेज घटना का आरपीएफ ने खुलासा कर दिया है। 6 जनवरी को श्रीडूंगरगढ़-बिग्गा के बीच वंदे भारत के शीशे टूटने की घटना ने यात्रियों में दहशत फैला दी थी।

अब आरपीएफ की सतर्कता और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इस मामले में 12 वर्षीय बालक को निरूद्ध किया गया है। 6 जनवरी 2026 को बीकानेर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस जब श्रीडूंगरगढ़ और बिग्गा के बीच पहुंची तभी ट्रेन के एक कोच का विंडो ग्लास अचानक क्रेक हो गया। ट्रेन में तैनात रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के स्टाफ ने तुरंत इसकी सूचना दी।

■ **आरपीएफ की सतर्कता और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इस मामले में 12 वर्षीय बालक को निरूद्ध किया गया है**

मौके पर पहुंची आरपीएफ टीम ने घटना की जांच कर रतनगढ़ चौकी में रेल अधिनियम की धारा 153 और 147 के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक सुभाष बिश्नोई के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई। वंदे भारत ट्रेन के सीसीटीवी फुटेज को वाशिंग लाइन बीकानेर से मंगवाकर विश्लेषण किया गया। फुटेज में कुछ बच्चे रेलवे ट्रैक के पास संदिग्ध रूप से खड़े दिखाई दिए। हालांकि कोहरे के कारण दृश्य साफ नहीं था। इसके बाद टीम ने आसपास के खेतों, ढाणियों और ग्रामीणों से इनपुट जुटाया। 9 जनवरी को सुरागरसी के दौरान एक बालक उम्र 12 वर्ष 11 माह, को रेलवे लाइन के पास स्कूल ड्रेस में खड़ा पाया गया।

पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह स्कूल वैन का इंतजार कर रहा था और खेल-खेल में उसने वंदे भारत ट्रेन पर पत्थर फेंक दिया जिससे शीशा टूट गया। बाल अपचारी को उसके पिता की मौजूदगी में निरूद्ध कर लिया गया और मामले की सूचना एसआईबी व आईबी को भी दी गई। रेलवे इसे गंभीर अपराध मानता है।

## यूरिया किल्लत पर रोष जताया

**श्रीडूंगरगढ़,** (कासं)। तहसील इकाई श्रीडूंगरगढ़ के सूडसर में भारतीय किसान संघ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष बजरंग धारणियां ने की। इस दौरान क्षेत्र के किसानों की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा की। उनके समाधान के लिए रणनीति तैयार की। बैठक में किसानों से जुड़े विभिन्न विषयों के साथ यूरिया की किल्लत पर चिंता जताई।

कृषि कार्यों के लिए सुचारू बिजली आपूर्ति, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की तुलाई को लेकर विचार-विमर्श किया गया। किसानों को रासायनिक खादों के दुष्प्रभाव बताकर उन्हें जैविक खेती की ओर आकर्षित करने और जागरूक करने का निर्णय लिया गया।

बीकानेर जिलाध्यक्ष शंभू सिंह राठौड़ ने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए नई ग्राम इकाईयों के गठन के निर्देश दिए। उन्होंने घोषणा की है कि भारतीय किसान संघ द्वारा जल्द ही ग्राम जन जागरण अभियान शुरू किया जायेगा।

# देशी-विदेशी पर्यटकों एवं आमजन ने एनआरसीसी में ऊंट उत्सव का आनंद लिया

**बीकानेर,** (कासं)। राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र (एनआरसीसी), बीकानेर द्वारा ऊंट उत्सव-2026 के उपलक्ष पर कैमल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में उन्नत कृषि एवं पशुधन प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

साथ ही राजस्थान पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में एनआरसीसी में 'ऊंटां री बातां' कार्यक्रम के अंतर्गत ऊंट से संबंधित विभिन्न आकर्षक प्रतियोगिताएं जैसे ऊंट दौड़, ऊंट नृत्य, ऊंट सजावट तथा उष्ट्र फर कटिंग आयोजित की गई। लगभग 20 हजार से अधिक देशी-विदेशी पर्यटकों एवं आमजन ने एनआरसीसी में ऊंट उत्सव का आनंद लिया।

इस अवसर पर एनआरसीसी द्वारा आयोजित तकनीकी प्रदर्शनी कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. सुमन्त व्यास, कुलगुरू राजुवास, बीकानेर द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागी संस्थानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऊंट पालकों, पशुपालकों एवं किसानों के हित में विकसित नूतन प्रौद्योगिकियों एवं नवाचारों का व्यापक एवं प्रभावी प्रदर्शन किया जाना समय की मांग है। इस दिशा में व्यावहारिक प्रयास, अधिकाधिक किसानों की आय वृद्धि, आजीविका सुदृढ़ीकरण एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।



एनआरसीसी में अंतर्राष्ट्रीय ऊंट उत्सव पर कृषि एवं पशुधन प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का कुलगुरू डॉ. सुमन्त व्यास ने अवलोकन किया।

डॉ. व्यास ने कहा कि ऊंट आधारित तकनीकों एवं उद्यमों के प्रोत्साहन से ऊंट पालन व्यवसाय के संरक्षण के साथ-साथ इसके मार्फत स्थायी रोजगार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सकती है। केन्द्र निदेशक डॉ. अनिल कुमार पूनिया ने 'ऊंटां री बातां' कार्यक्रम हेतु एनआरसीसी को चयनित किए जाने पर जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऊंटों की घटती संख्या भले ही चिंता का विषय हो परंतु पर्यटकों एवं आमजन का इस प्रजाति के प्रति बढ़ता आकर्षण इसके उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। उन्होंने कहा कि ऊँट अब पारंपरिक उपयोग तक सीमित न रहकर अपनी बहुआयामी उपयोगिता के माध्यम से उद्यमिता एवं आजीविका संवर्धन की मजबूत संभावनाएँ प्रस्तुत कर रहा है।

## युवती से मारपीट व लज्जा भंग का मामला दर्ज

**नोखा,** (कासं)। बीकानेर जिले के नोखा थाने में एक युवती ने मारपीट, लज्जा भंग और उठाकर ले जाने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया।

थाना क्षेत्र निवासी युवती ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि गांव में उसकी जमीन है। 9 जनवरी को दोपहर में हेतराम, रामनिवास, जगदीश और सांवर लाल उसके खेत में पट्टियां रोपने लगे। जब युवती के माता-पिता ने उन्हें ऐसा करने से मना किया तो वे लड़ाई-झगड़ा करने पर उतारू हो गए।

इसके बाद रामनिवास, हेतराम और बाबूलाल ने युवती को पकड़कर घसीटा, जिससे उसके कपड़े फट गए। सभी आरोपियों ने मिलकर युवती पर हमला किया और उसके कपड़े फाड़ दिए। जाते समय आरोपियों ने युवती को गाड़ी में डालकर उठा ले जाने की धमकी भी दी। युवती के पिता ने बीच-बचाव कर उसे बचाया। पुलिस ने युवती की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई निविदा सूचना**

ई निविदा सूचना संख्या **270 to 273-25-26,** मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए **दिनांक 30.01.2026 को 15.00 बजे** तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नाम व स्थानः (1) निविदा संख्या 270:** सहायक मंडल इंजीनियर, हनुमानगढ़-द्वितीय के अधीन सरूपसर - श्रीगंगानगर - हनुमानगढ़ (केनाल लूपलाईन) खण्ड पर 23. 466 टीकेएम टीबीआर (लूपलाईन) के संबंध में ऐन्सीलरी कार्य करना। **अनुमानित लागत मूल्यः** Rs. 8943267.13, **धरोहर राशिः** Rs. 178900.00, **(2) निविदा संख्या 271:** सहायक मंडल इंजीनियर, भिवानी के अधीन मंडल इंजीनियर/पूर्व के क्षेत्राधिकार में रोहतक भिवानी खण्ड पर विभिन्न ह्यूम पाईप कॉसिंग के स्थान पर 1m x 1.2m साईज के आरसीसी बॉक्स का प्रावधान करना। **अनुमानित लागत मूल्यः** Rs.196677896.48, **धरोहर राशिः** Rs. 1133400.00, **(3) निविदा संख्या 272:** सहायक मंडल इंजीनियर, भिवानी के अधीन गैंग हट, समपारों, गेज लॉज, स्टेशनों एवं सेक्शन में कार्यरत लेबर के लिए पीने के पानी की आपूर्ति करना (24 माह के लिए). **अनुमानित लागत मूल्यः** Rs. 6608904.81, **धरोहर राशिः** Rs. 132200.00, **(3) निविदा संख्या 273:** सहायक मंडल इंजीनियर, सूरतगढ़ के क्षेत्राधिकार में 24 माह के लिए विविध पी-वे कार्य करना, **अनुमानित लागत मूल्यः** Rs. 30011357.37, **धरोहर राशिः** Rs. 300100.00, नोटः अन्य **शर्तें रेलवे की वेब साईट वेव साईट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।** पत्रांकः 580-W/TBR 23 466Tkm/SRPR-SGNR-HMH (CELL) / HMH-II/2025, दिनांकः 09.01.2026

**63-PM/26**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें